दिनांक-06.12.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

अवैध होर्डिंग के खिलाफ चला निगम का बुलडोजर

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत चंद्रा मौर्य चौक पर लगे अवैध होर्डिंग को हटाने की कार्यवाही की गई तथा 4 नग लोहे का एंगल ,लोहे की पाइप एवं फेम जप्त किया गया! नोडल अधिकारी ए 0के0 द्विवेदी के द्वारा तोड़फोड़ दस्ता के माध्यम से निगम क्षेत्र अंतर्गत लगे अवैध होर्डिंग्स को हटाने का कार्य पूर्व में भी किया गया है! निगम क्षेत्र के चंद्रा मौर्या चौक के समीप लगे 1 होर्डिंग्स को ध्वस्त किया गया इससे पहले 29 से अधिक और अवैध होर्डिंग के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। बता दें कि निगम के राजस्व विभाग द्वारा नंबर का स्टीकर जारी किया गया है जोकि वैध होर्डिंग पर लगाए गए हैं एवं जो होर्डिंग अवैध है उन पर स्टीकर नहीं लगा हुआ है ऐसे होर्डिंग पर कार्रवाई की जा रही है! उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने अपील की है कि जहां-जहां भी अवैध होर्डिंग लगे हैं उन स्थलों से होर्डिंग लगाने वाले लोग स्वयमेव अपने होर्डिंग हटा ले अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा अवैध होर्डिंग के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी! अवैध होर्डिंग्स की कार्यवाही में तोड़फोड़ दस्ता के प्रभारी प्रकाश अग्रवाल, प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा सहित तोड़फोड़ दस्ते के टीम ने उपस्थित रहकर कार्यवाही की।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''